सच कहने की ताकत

जालंधर ब्रीज

साप्ताहिक समाचार पत्र

• JALANDHAR BREEZE • WEEKLY •YEAR-1 • 3 JULY TO 9 JULY 2020 • VOLUME- 43 • PAGES- 4 • RATE- 3/- • www.jalandharbreeze.com • RNI NO.:PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

STUDY, WORK & SETTLE IN ABROAD

No Filing Charges &
*Pay money after the visa

IELTS | STUDY ABROAD

*T&C apply

E-mail : ankush@innovativetechin.com • hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10, Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. • HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza, GT Road, Adjoining Lovely Professional University, Phagwara.

किस नोटिफिकेशन के आधीन पी.ए.पी.फ्लाईओवर पर वाहनों की डिजाइन स्पीड लिमिट को बदला गया?

नीरज की विशेष रिपोर्ट

छाया : रवि

जालंधर ब्रीज। जालंधर पानीपत-राष्ट्रीय राजमार्ग को गिनिज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाए केंद्र की सरकार। प्रधानमंत्री की इमानदारी अपने ही केंद्र के नेशनल हाईवे विभाग में विफल हो गई ये कोई भी दावा बगैर तथ्यों के साथ नहीं कीया जा रहा इसकी हकीकत आपको ग्राउंड जीरो में जाकर इस राजमार्ग के लंबित चल रहे निर्माण कार्यो को देख कर खुद ही पता चल जाएगा।

यह प्रोजक्ट पिछले तकरीबन 14 वर्षो से लंबित पडा है और यह अभी भी आने वाले 4 से 5 वर्षो में पूरा होता हुआ नज़र नहीं आ रहा इसके लिए ना तो प्रधानमंत्री या इस विभाग के मंत्री की कुशलता पर संदेह नहीं किया जा सकता है क्यूंकि इन्होने पिछले 6 वर्षो के कार्यकाल में देश के कई प्रोजोक्टों को पूरा कर दिखाया।

परन्तु इस राष्ट्रीय राजमार्ग की देरी के लिए सीधे तौर पर भ्रष्ट अधिकारी जिम्मेवार है जिन्होंने ठेका प्राप्त कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिये सरकार में रह कर अपने पद का दुरूपयोग किया और करोडों रुपये की बेनामी सम्पति बनायीं और ठेका कंपनी को बी ओ टी मॉडल में इस प्रोजेक्ट में रख-रखाव के नाम पर करोड़ों रुपये के टोल टैक्स की आम लोगों से वसूली करवाकर बदले में लोगों को बनती सुविधाओं से वंचित रखने का काम किया।

आज भी हाईवे की हालत इतनी दयनीय है की जगह जगह पर बरसाती पानी जमा होने से लोगों की मौत हो रही है, नालियां टूटी पड़ी है।

पी.ए.पी. फ्लाईओवर को शुरू होने के 2 घंटे के बाद ही बंद करना पड़ा था जिसको अब इस गलत बने फ्लाईओवर को जुगाड़ के साथ दोबारा शुरू करवाया गया है।

पिछले दिनों विभाग के चेयरमैंन को इसको नए सिरे से 8 लेन करने के लिए निर्देश दिए जिसमें रीजनल ऑफिस द्वारा प्रोजेक्ट डायरेक्टर जालंधर को संबंधित विभागों से तालमेल करने के लिए जिम्मेवारी सौंपी गयी अब यह फ्लाईओवर मौजूदा मटेरियल की महंगी कीमतों से बनेगा जिसको की अगर पहले से ही सही बना दिया जाता तो इसको दोबारा ना बनाना पड़ता और पता नहीं लोगों को कितने साल और परेशान होना पढ़ेगा।

इसकी लडीवार में विभाग के पेट्रोलिंग अधिकारियों द्वारा विज्ञापन नीति की धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसमें उसके द्वारा प्राइवेट हस्पतालों, रेस्टोरेंट वालों के अवैध विज्ञापन लगावाकर उनको फायदा पहुंचाया जा रहा है और यही नहीं इस के साथ विभाग के मंत्री की योजनाओं को ठेंगा भी दिखाया जा रहा जिसमें वो देश में ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रैसवे बनाने के लिए दिन रात प्रयास कर रहे है ताकि की इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को बड़ा कर व्यापार को बढ़ाया जा सके परन्तु विभाग के कुछ अफसरों द्वारा किसी निजी हॉस्पिटल के विज्ञापन को लगा कर डिज़ाइन स्पीड लिमिट 90 किलोमीटर प्रति घंटा को घटाकर 50 किलोमीटर प्रति घंटा करने के किसने हुक्म दिए यह सब जांच का विषय है। इस गंभीर मुद्दे पर जालंधर ब्रीज की टीम दुआरा प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंबाला से ई मेल के माधयम से संपर्क साधा गया परन्तु उन्होंने ई मेल का जबाव देना जरूरी नहीं समझा उसके बाद इन सब की गंभीरता को समझते हुए उनसे फोन पर संपर्क साध कर उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने संविधानिक पद पर बैठ कर गैर जिम्मेवारन ब्यान देते हुए यह कहा की हमारे पास 600 किलोमीटर की सड़कें है और इसके लिये हम दो ही अफसर है इसलिए कहाँ क्या हो रहा है।

हम नहीं देख सकते यह जिम्मेवारी ठेका प्राप्त कंपनी की है इस जवाब ने उनकी काबलियत पर प्रश्न चिन्ह लगाने का काम किया है और इस बात को हवा दी है कि कहीं ठेका प्राप्त कंपनी के साथ उनकी शामूलियत तो नहीं ? यह सब जांच का विषय है।

लोगों की रातों की नींद उड़ा कर खुद मजे से सो रहे है बिजली विभाग के अफसर

छाया : रवि

नीरज की विशेष रिपोर्ट

जालंधर ब्रीज। वार्ड नंबर 66 की पिछली एक साल से लंबित चली आ रही कम लोड वाले ट्रांसफार्मर की समस्या को दूर करने में इलाके के जूनियर इंजीनियर से लेकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर तक के अफसरों ने अपने हाथ खड़े कर दिए उन्होंने जालंधर ब्रीज के संवादाता से बात करते हुए कहा की हमारी ऊपर के अधिकारी नहीं सुनते हम उनके ध्यान में कई बार यह बात ला चुके है पर उन पर कोई असर नहीं है इस बात से यह बात साबित होती है की सरकार के पावर सरप्लस के दावे खोखले है और मोहल्ले की स्ट्रीट लाइट को नगर निगम को जानकारी दिए बगैर रात को स्ट्रीट लाइट बंद रख कर कम लोड वाले लगे हुए ट्रांसफार्मर पर लोड घटा कर घरो को आधी अधूरी बिजली दी जा रही है और बिजली के बिल पिछले साल की एवरेज लगा कर लोगो को भेजे जा रहे हैं ।

कोरोना महामारी ने जहाँ पूरे देश को हिलाके रख दिया है ।वही आम लोगों की जेब पर बिजली बिलों का भोज डाला गया है परन्तु अफसर अपने घर में बैठकर आनंद ले रहे है क्यूंकि उनको तूफान आये यान भूचाल उनको तो सरकार ने पालना है अगर कोई नेता लोगों की मदद करने के लिए आगे आये तो उसको मौके पर अफसर उसको उकसाकर गुस्से में उससे से कोई गलत काम होने पर उसको ढाल बनाकर यूनियन बाजी की ऐवज में उस पर पर्चे डलवा रही है यह कतई बर्दाश नहीं किया जायेगा और जालंधर ब्रीज बिजली विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की हकीकत को उजागर करता रहेगा और जनहित में लोगों को आ रही मुश्किलों के लिए आवाज़ बुलंद करता रहेगा और कुम्भकर्णी नींद सोये हुए भ्रष्ट उच्च अधिकारियों की रातों की नींद उड़ाने के लिए वचनबद्ध है और पिछले एक साल में कितनी बार पॉवर कट लगे और क्यों लगे यह एक जांच का विषय है ।

गुरू पूर्णिमा पर चन्द्रग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा

ज्योतिष विशेषज्ञ

ज्योतिष गणानुसार आषाढ़ शुल पक्ष गुरु पूर्णिमा रविवार 5 जुलाई को मनाई जाएगी। चन्द्र एवं सूर्य ग्रहण पड़ते हैं। अमावस्या को सूर्य ग्रहण एवं पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण आता है। आषाढ़ शुल गुरु पूर्णिमा रविवार 5 जुलाई को चन्द्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। पांच जुलाई को लगने वाला है, यह ग्रहण भी उपछाया चंद्र ग्रहण होगा। इसके अलावा ये ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इस कारण इस ग्रहण का सूतक काल भी नहीं लगेगा। इसलिए इस ग्रहण के समय मंदिरों के कपाट भी बंद नहीं किए जाएंगे। इस कारण चंद्रग्रहण का कोई सूतक काल (अशुभ काल) नहीं होगा और न ही ग्रहण का किसी राशि पर नकारात्मक असर पड़ेगा। 5 जून से 6 जुलाई के बीच कुल तीन ग्रहण लगे हैं। चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पं. रामजीवन दुबे एवं ज्योतिषाचार्य विनोद रावत ने बताया कि सूतक काल जब माना जाता है जबकि चन्द्र या सूर्य ग्रहण स्पष्ट दिखाई देवे। चन्द्र ग्रहण भारत में दिखाई ही नहीं देगा तो सूतक का प्रश्न ही नहीं है।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव 5 जुलाई को,शिष्य करेंगे गुरुओं की पूजा

किन देशों में देखा जाएगा चंद्रग्रहण

5 जुलाई को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत, दक्षिण एशिया के कुछ स्थान, अमेरिका, यूरोप और अस्ट्रेलिया में देखा जा सकेगा।

चंद्रग्रहण का समय

यह ग्रहण 5 जुलाई को सुबह 8 बजकर 38 मिनट से आरंभ होगा। इस चंद्र ग्रहण की अवधि 2 घंटा 43 मिनट और 24 सेकंड होगी। भारत में उस समय दिन एवं सूर्य का प्रकाश रहेगा। जबकि यह चन्द्र ग्रहण जिन देशों में रात्रि होगी वहां यह चन्द्र ग्रहण दिखाई देगा।

क्या होता है

चंद्रग्रहण ग्रहण एक सामान्य खगोलीय घटना है। ग्रहण को ऐसे समझ सकते हैं कि चंद्र ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा और सूर्य के मध्य पृथ्वी आ जाती है। चंद्र ग्रहण हमेशा पूर्णिमा के दिन पड़ता है। चौथा उप छाया चंद्रग्रहण 29 नवंबर को लगेगा।

चन्द्रग्रहण का राशियों पर प्रभाव

मेष-मान नाश, वृषभ-मृत्युतुल्य कष्ट, मिथुन-स्त्री पीड़ा, कर्क-सौय, सिंह-चिंता, कन्याव्यथा, तुला-श्री, वृश्चिक-क्षति, धनु-घात, मकर-हानि, कुंभ-लाभ, मीन-सुख।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वह केंद्र की कार्रवाई में नहीं करेगा हस्तक्षेप

याचिकाकर्ता सरकार से करें स्वदेश भेजने की मांग

नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने तबलीगी जमात के कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले 34 विदेशी जमातियों की याचिकाओं की सुनवाई गुरुवार को 10 जुलाई तक के लिए टालते हुए कहा कि कोर्ट उन्हें स्वदेश भेजने के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा, बल्कि ब्लैक लिस्ट में डाले जाने के मसले पर ही सुनवाई करेगा। इस बीच, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विदेशी जमातियों की स्वदेश वापसी तब तक नहीं हो सकेगी, जब तक उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य में दर्ज आपराधिक मुकदमों की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस संजीव खन्ना की अवकाशकालीन खंडपीठ को बताया कि वीजा रद्द करने को लेकर हर विदेशी जमाती के मामले में सरकार द्वारा अलग-अलग आदेश पारित किया गया है। इस पर खंडपीठ ने कहा कि फिर तो हर प्रभावित जमाती को हाईकोर्ट जाना चाहिए।

34 विदेशी जमातियों ने याचिकाएं दायर कीं

गौरतलब है कि कोरोना को लेकर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों और राज्य सरकारों एवं पुलिस के आदेश का उल्लंघन करने पर हजारों जमातियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे, जिनकी सुनवाई अदालतों में लंबित है। केंद्र सरकार ने हजारों जमातियों को ब्लैक लिस्ट करके उनके वीजा रद्द कर दिए थे, जिनमें से 34 विदेशी जमातियों ने सरकार के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं।

10 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को करने का निर्णय लिया। इस बीच सरकार जमातियों के बारे में जारी आदेश की कॉपी कोर्ट को सौंपेगी। सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा कि वीजा जारी करना या रद्द करना सरकार का संप्रभु फैसला है। इसमें अदालत दखल नहीं दे सकती। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक मामले में अलग-अलग आदेश जारी किया गया था और इसकी सूचना संबंधित व्यक्तियों को ई-मेल के जरिए दी गई थी।

आपराधिक मामला लंबित

याचिकाकर्ताओं की तरफ से यह दलील दी गई कि वीजा रद्द किए जाने के बाद जमात के विदेशी सदस्यों को उनके देश वापस भेजा जाना चाहिए। ब्लैक लिस्ट में डालने का आदेश तो तब लागू होगा, जब वे दोबारा भारत आना चाहेंगे। इसपर सॉलिसिटर जनरल ने दलील दी कि उनके खिलाफ आपराधिक मामला लंबित है, ऐसे में उन्हें वापस नहीं भेजा जा सकता है। याचिकाकर्ताओं को स्वदेश भेजे जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे स्वदेश भेजे जाने की मांग सरकार से करें, अदालत इसमें दखल नहीं देगी, बल्कि ब्लैक लिस्ट में डाले जाने के मामले पर सुनवाई करेगी।

प्रसंग

मप्र बना देश का नया अन्न भंडार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसानों ने ही मध्यप्रदेश को बनाया है। पंजाब जो परंपरागत रूप से गेहूं उत्पादन और उपर्जन में देश में सबसे आगे होता था वो स्थान आज मध्यप्रदेश ने प्राप्त कर लिया है। इस वर्ष 129 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपर्जान कर मध्यप्रदेश ने एक नया इतिहास रचा है। खेती किसानी मध्यप्रदेश का आधार है। जिसे कभी पिछड़ा माना जाता था।

मध्यप्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए गेहूं उपार्जन के मामले में अग्रणी राज्य होने का कीर्तिमान स्थापित कर नई पहचान गढ़ी है। मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसानों ने ही मध्यप्रदेश को बनाया है। पंजाब जो परंपरागत रूप से गेहूं उत्पादन और उपर्जन में देश में सबसे आगे होता था वो स्थान आज मध्यप्रदेश ने प्राप्त कर लिया है। इस वर्ष 129 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपर्जान कर मध्यप्रदेश ने एक नया इतिहास रचा है। खेती किसानी मध्यप्रदेश का आधार है। पहले प्रदेश को पिछड़ा माना जाता था। आज प्रदेश के किसानों ने मध्यप्रदेश के भाल पर बंपर उत्पादन का ऐसा तिलक लगाया है कि मध्यप्रदेश सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहले पायदान पर पहुंच गया है। देश के कुल गेहूं उपार्जन में एक तिहाई योगदान हमारे प्रदेश का है। पंजाब जो एतिहासिक रूप से गेहूं उपार्जन में अग्रणी हुआ करता था वह आज मध्यप्रदेश से पीछे हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रयास पहले से ही प्रारंभ किये थे। सिंचाई सुविधाएं बढ़ाकर खेती का सिंचित रकबा बढ़ाया गया। किसानों को रियायती दर पर बिजली दी गई। कोशिश यह की गई कि उत्पादन लागत न्यूनतम हो और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लोगों को अत्यंत सस्ती दर पर खाद्यान उपलब्ध कराने के साथ किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देकर बाजार में अनाज के मूल्य को न्यूनतम स्थिर रखना है। भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से स्वयं समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाती है और राज्य अपनी आवश्यकता के लिए खरीदी करते हैं। कई राज्य देश के अन्य प्रदेशों की आवश्यकता के लिए उपार्जन करके भारत सरकार को केंद्रीय पूल में सौंप देते हैं। मध्यप्रदेश को अपने लिए 29 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता है। प्रदेश में इसके अतिरिक्त जो गेहूं उपार्जन किया है वह केंद्रीय पूल के लिए है। कोविड-19 संकट के कारण गेहूं का उपार्जन सरकार और किसानों दोनो के लिए चुनौतीपूर्ण था। लॉकडाउन और आवागमन बाधित होने के कारण बाजार में गेहूं का विक्रय नहीं होने से सरकारी खरीदी किसानों के लिए बहुत आवश्यक थी। गेहूं उपार्जन की तैयारियां पहले जैसी नहीं थी। मुख्यमंत्री ने पद संभालते ही उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को अंजाम दिया। मध्यप्रदेश अकेला ऐसा राज्य है जहां वर्ष 2012-13 से ही ई-उपार्जन नाम का सॉफ्टवेयर तैयार किया गया, इसके माध्यम से किसानों के पंजीकरण से लेकर उपार्जन केंद्रों का निर्धारण, किसानों से क्रय की प्रक्रिया, गोदामों तक ट्रकों से परिवहन, किसानों का भुगतान इत्यादि सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः ऑनलाइन है।

राज्य सरकार ने शुरू से ही गेहूं उपार्जन की रणनीति के सभी विषयों को बारीकी से समझा और जो भी दिक्कतें आ सकती थी उनको दूर किया। उपार्जन केंद्रों की संख्या दोगुनी कर दी गई। एक तिहाई से अधिक केंद्र गोदाम स्तर पर खोले गए। इसके परिणामस्वरूप किसानों को कम से कम दूरी तय करनी पड़ी तथा प्रत्येक केंद्र पर कम से कम भीड़ हुई। खरीदी केंद्रों पर स्थानीय लोगों को ही रोजगार देकर श्रमिकों की व्यवस्था की गई। गेहूं परिवहन के लिए ट्रकों की व्यवस्था, गेहूं के सुरक्षित भंडारण के लिए चलाए गए लॉजिस्टिक अभियान में दो माह तक 10 हजार से भी ज्यादा ट्रकों का उपयोग कर गेहूं का गोदामों में भंडारण किया गया। पूरे अभियान में 16 लाख किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर अपना गेहूं बेचा और उपार्जन के संपूर्ण प्रबंधन में 5 लाख से अधिक अधिकारी और कर्मचारी लगे। यह अभियान कोरोना और लॉकडाउन के दौर में संभवतः विश्व के सबसे बड़े अभियानों में से एक रहा है। उपार्जित गेहूं के भुगतान की भी सुनिश्चित व्यवस्था की गई। अभी तक लगभग 25 हजार करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खातों में पहुंच चुकी है।

कोरोना और लॉकडाउन के चलते इस वर्ष गेहूं उपार्जन कर किसानों को प्राथमिकता के आधार पर राशि दी गई। उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिली। गेहूं उपार्जन की प्रकिया में छोटे-छोटे भूखंड पर खेती करने वाले लघु और सीमांत किसानों को सबसे पहले सीधे लाभान्वित करने में सफलता मिली। मध्यप्रदेश में खेती को लाभ का धंधा बनाने का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सपना है। प्रदेश इस दिशा में मजबूती से कदम उठा रहा है। मध्यप्रदेश के किसान मेहनती हैं। उनकी मेहनत ने आज मध्यप्रदेश को यह ऐतिहासिक उपलब्धि दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि मेरी सरकार किसानों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी, जिससे भविष्य में भी ऐसी उपलब्धियां हमारे अन्नदाता किसानों के प्रयासों से मिलेंगी। प्रदेश के किसानों ने सरकार के प्रति जो भरोसा दिखाया है, मैं उसे हर हालत में निभाउगां। किसान पुत्र मुख्यमंत्री अन्नदाता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सबसे आगे मजबूती से खड़े रहते है। किसानों में यह भरोसा है कि उनका लीडर स्वयं किसान है इसलिए किसानों के हितों की अनदेखी कभी भी नहीं हो सकती। कोविड-19 और लॉकडाउन के चलते किसानों को होने वाली संभावित कठिनाइयों को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने गेहूं उपार्जन का मजबूत नेटवर्क खड़ा किया और किसानों का गेहूं खरीदकर उनके खातों में नकद पैसा डाला। फसल बीमा योजना का पैसा भी जो पहले नहीं मिल पाया था उसे किसानों को दिलाया गया। सरकार के प्रयासों और किसानों की मेहनत से मध्यप्रदेश अनाज उत्पादन में देश का सिरमौर बनता जा रहा है।

मार्च माह में कोविड 19 की भयावह तस्वीरों ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को सचमुच चिंता में डाल दिया था कि गेहूं तौलना तो दूर खरीदेगा कौन? व्यापारी क्या बोली लगाने आएंगे? या इस परिस्थिति का फायदा उठा कर कहीं फसल के मूल्य से भी समझौता न करना पड़ जाए। लेकिन उनका खलिहान में पड़ा गेहूं न सिर्फ मध्य प्रदेश सरकार ने खरीद लिया बल्कि वो मूंग की फसल पर भी बहुत ज्यादा उत्साहित है। मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों को उम्मीद से ज्यादा दिया है सभी किसान खुश है, इस अवधि में 129 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया गया है। प्रदेश के लिए यह ऑल टाइम रिकॉर्ड है। साथ ही समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश पंजाब को पछाड़ते हुए देश में पहले स्थान पर आ गया। कोविड-19 की भयावह तस्वीरों के बीच सत्ता संभालने और इन सबके बीच गेहूं की फसल की चिंता कर लेना काफी नही था शायद, जो अचंभे में डालते हुए शिवराज सरकार ने आउट ऑफ द बॉक्स जाकर गेहूं की खरीदारी में प्रदेश को पहले नम्बर पर लाकर खड़ा कर दिया और पंजाब जैसे राज्य को भी पीछे छोड़ दिया।

इतनी चुस्त-दुरुस्त सरकारी प्रणाली वाकई उनके राजनीतिक इच्छा शक्ति को न सिर्फ बताती है बल्कि उन लोगों का भी मुंह बंद कर देती है जो गेहूं की फसल को खलिहानों में ही सड़ जाने की आशंकाओं में दुबले हो रहे थे। वाकई इस बात पर सरकार को दाद देना तो बनता है शब्दों की कृपणता और आशंकाओं के पीछे छिप जाने जैसी विधाओं के बावजूद ये रिकॉर्ड तो कबीले तारीफ है। एक व्यावहारिक चुनौती गेहूं का सुरक्षित भंडारण किया जाना था जो कि स्पष्ट आदेशों और पक्की योजना के कारण अमले ने आखिर ये भी कर ही दिखाया।

विचार

चीन की दुखती रग पर हाथ

भारत ने चीन को आर्थिक और सामरिक मोर्चे के बाद अब कूटनीतिक मोर्चे पर भी घेरा है। अभी तक हॉन्ग कॉन्ग के मुद्दे पर चुप रहने वाले भारत ने इशारों में चीन को दो टूक सुना दिया है। भारत ने बिना चीन का नाम लिए कहा कि इसका उचित समाधान हो।

चीन को सबक सिखाने भारत उसे सामरिक और आर्थिक दोनों मोर्चों पर घेर चुका है। अभी तक लद्दाख में हेकड़ी दिखा रहे चीन के 59 ऐप्स पर भारत में बैन लगने के बाद ड्रैगन हकलाने लगा है। भारत ने चीन को घेरने अब कूटनीतिक हथियार भी उठा लिया और अब तक हांगकांग में चीन के नए सुरक्षा कानून पर चुप्पी साधने वाले भारत ने इशारों में इस कानून पर सवाल उठाए हैं और दो टूक सुना दिया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने कहा कि हांगकांग को स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन बनाना चीन का घरेलू मामला है लेकिन भारत हाल की घटनाओं पर करीबी नजर रखे हुए है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजीव चंदर ने कहा, हम हाल की इन घटनाओं पर चिंता जताने वाले कई बयान सुन चुके हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष इन बातों का ध्यान रखेंगे और उचित, गंभीर और निष्पक्ष समाधान करेंगे। हालांकि भारत ने अपने बयान में चीन का नाम नहीं लिया। भारत ने यह बयान दुनिया में मानवाधिकार स्थिति पर हो रही चर्चा के दौरान दिया। भारत ने पहली बार हांगकांग के मुद्दे पर बोला है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के आक्रामक रवैये और पिछले महीने गलवान घाटी में भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद भारत का यह बयान आया है। दोनों देशों के पिछले एक महीने से ज्यादा वक्त से लद्दाख में तनाव चल रहा है। देखा जाए तो चीनी दमन के खिलाफ व लोकतंत्र की मांग को लेकर हांगकांग में समय-समय पर जिस तरह से बड़े प्रदर्शन होते रहे हैं, वे चीन के लिए मुश्किलें पैदा करने वाले रहे हैं। हांगकांग में पिछले साल छह महीने से ज्यादा समय तक प्रदर्शनकारी सड़कों पर जमे थे, संसद का घेराव किया था और चीनी प्रतिष्ठानों पर हमले किए थे। हांगकांग के नागरिकों का यह जज्बा इस बात का प्रमाण है कि वे चीन के सामने झुकने वाले नहीं हैं। दुनियाभर के विरोध को दरकिनार करते हुए चीन ने आखिरकार हठधर्मिता और ताकत के साथ हांगकांग में विवादास्पद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लागू कर दिया।

जाहिर है, अब इस कानून की आड़ में चीन हांगकांग के नागरिकों का दमन और तेज करेगा और लोकतंत्र समर्थकों को सबक सिखाएगा। चीन की संसद ने मई के आखिरी हफ्ते में इस कानून को पास कर दिया था। उसके बाद तीस जून को चीन के शीर्ष विधायी निकाय नेशनल पीपुल्स कांग्रेस स्टैंडिंग कमेटी ने भी हरी झंडी दे दी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हस्ताक्षर कर दिए। हालांकि यह संकेत तो पहले ही मिल चुके थे कि चीन किसी भी सूरत में हांगकांग को छोड़ने वाला नहीं है और वह हर हाल में इस कानून को लागू करके रहेगा। चीन अब तक जिस तरह से ताइवान, शिनजियांग और तिब्बत में आजादी की मांग करने वालों को कुचलता आया है, वही हांगकांग में होगा। क्या तानाशाही प्रकृति वाला राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करके चीन अपने उस भरोसे को पूरा कर रहा है?

बिजली वाहनों का भविष्य

इस आवश्यकता को बहुत दृढ़ता के साथ रेखांकित किया जा चुका है कि सड़कों पर पेट्रोल या डीजल से चलने वाले वाहनों को बिजली से चलने वाले वाहनों से विस्थापित किया जाना चाहिए। यह न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है, बल्कि यदि ऐसा संभव हो सका तो पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद में खर्च होने वाला देश का बहुत सारा धन भी बचाया जा सकता है। एक बार फिर सड़क परिवहन मंत्रालय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है और इसकी पूरी संभावना है कि वह 'इलेक्ट्रिक व्हीकल्स' यानी बिजली से चार्ज होकर चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहित करने की अपनी योजना को ठोस रूप देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। भारत ही नहीं दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागृति आई है और उन वाहनों को बेहतर विकल्प माना जा रहा है जिनकी बैटरी को बिजली से चार्ज करके आसानी से चलाया जा सकता है।

चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों ने तो ऐसे वाहनों की खरीद पर आर्थिक प्रोत्साहन (सब्सिडी आदि) देना भी प्रारंभ कर दिया है। भारत में भी कुछ कार उत्पादकों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। बिजली से चलने वाले वाहन चूंकि भविष्य की जरूरत हैं और इस क्षेत्र में व्यापार की नई संभावनाएं छिपी हैं, इसलिए कुछ बड़ी कंपनियों ने तो इस दिशा में शोध, प्रयोग और अनुसंधान हेतु अच्छा खासा निवेश भी कर दिया है। उधर, भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कुछ दिन पहले ही एक अप्रैल 2020 के बाद डीजल गाड़ियों का उत्पादन शनैः शनैः बंद कर देने का एलान कर दिया था। यह वह तारीख है जब वाहनों के लिए बीएस-6 मानक अस्तित्व में आ जाएगा। तब मानकों के अनुसार डीजल इंजन बनाना डेढ़ लाख रुपए तक महंगा हो जाएगा।

दरअसल, पेट्रोल वाहनों की तुलना में डीजल से चलने वाले वाहन पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2018 के अनुसार दुनिया भर में सबसे प्रदूषित वायु वाले 15 शीर्ष शहरों में से 10 शहर भारत के हैं। इसने भी नीति-नियंताओं को इस बात के लिए विवश किया कि वे हवा में वाहनों के कारण फैलने वाले प्रदूषण के समाधान के बारे में सोचें। लेकिन शहरों के विस्तार के कारण सभी वाहनों पर तो पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। बेशक सार्वजनिक परिवहन एक समुचित समाधान हो सकता है, लेकिन नागरिकों को निजी वाहनों के उपयोग से पूर्णतः वंचित कर देना किसी भी दृष्टि से श्रेयस्कर नहीं कहा जा सकेगा। ऐसे में

बिजली से चलने वाले तंत्र के विकास के बाद कारें काफी महंगी हो जाएंगी और यह बढ़ी हुई कीमत आम ग्राहक को आकर्षित नहीं कर सकेगी। सरकार इस समस्या के समाधान के लिए 'क्रेडिट प्वाइंट' जैसी सुविधा में कुछ खास किस्म की छूट का प्रावधान कर सकती है। चीन, अमेरिका या यूरोपीय संघ की तरह इन वाहनों की खरीद पर सब्सिडी का विचार भी अपनाया जाना चाहिए।

बिजली से चलने वाले वाहन श्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं। भारत की योजना यह है कि सन 2030 तक सड़कों पर मौजूद वाहनों में से तीस प्रतिशत वाहन बिजली से चलने वाले हों। लेकिन यह रास्ता इतना आसान नहीं है।

बिजली से चलने वाले तंत्र के विकास के बाद कारें काफी महंगी हो जाएंगी और यह बढ़ी हुई कीमत आम ग्राहक को आकर्षित नहीं कर सकेगी। भारत सरकार इस समस्या के समाधान के लिए 'क्रेडिट प्वाइंट' जैसी सुविधा या टोल टैक्स आदि में कुछ खास किस्म की छूट का प्रावधान कर सकती है। चीन, अमेरिका या फिर यूरोपीय संघ के सदस्यों की तरह इन वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देने का विचार फिलहाल सरकार का नहीं है। यों बीएस-6 मानक लागू होने के बाद डीजल कारों की कीमत में प्रत्याशित वृद्धि भी बिजली से चलने वाली कारों को प्रोत्साहित कर सकती है। यहां यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि कुछ साल पहले तक भारत में डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बहुत अंतर रहा करता था। पेट्रोल की तुलना में डीजल बहुत सस्ता हुआ करता था। लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं है।

लेकिन बिजली से चलने वाले वाहनों की खरीद के बाद ही उपभोक्ता वाहन के अपरिमित उपयोग के प्रति निश्चिंत नहीं हो सकेगा। बिजली से चलने वाली कारों में जिस लीथियम आयन बैटरी का इस्तेमाल होता है, उस बैटरी को एक बार पूरी तरह चार्ज करने के बाद सामान्य परिस्थितियों में कार को दो सौ से तीन सौ किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। सामान्यतः शहरों में 30 से लेकर 40 किलोमीटर तक गाड़ी प्रतिदिन चलती है। ऐसे में यह स्थिति पहली नजर में तो आदर्श प्रतीत होती है कि एक बार गाड़ी को चार्ज करने के बाद उसे अपनी मंजिल तक ले जाया जाए। लेकिन एक बार बैटरी खत्म होने के बाद उसे पूरी तरह चार्ज करने के लिए पूरी रात चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार द्रुत गति से चार्ज करने वाले चार्जिंग स्टेशनों पर बैटरी 20 से 25 मिनट में पूरी तरह चार्ज हो सकती है। लेकिन यदि बार-बार यह फास्ट चार्जिंग की गई तो इससे बैटरी पर बुरा असर पड़ेगा और वह अपेक्षाकृत कम समय तक ही चल पाएगी। उधर, पेट्रोल या डीजल खत्म होने पर किसी भी नजदीकी पेट्रोल-डीजल स्टेशन पर, जिनकी संख्या बहुत है, मनमाफिक ईंधन तक भरवाया जा सकता है। लेकिन देश में अभी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बहुत कम है और ऐसे में यदि बिजली से चलने वाली कार से किसी परिवार को लंबी यात्रा करनी पड़े तो उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

चार्जिंग में लगने वाले समय से बचने के लिए एक उपाय यह भी हो सकता है कि ऐसे विश्वसनीय स्टेशन विकसित किए जाएं जो डिस्चार्ज बैटरी के बदले चार्ज की हुई बैटरी उपलब्ध करा सकें। हालांकि कुछ कंपनियों ने इस दिशा में काम करना शुरू भी कर दिया है। लेकिन भारत में शहरों की दूरियां, सड़कों की हालत और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लोगों की आतुरता की प्रवृत्ति को देखते हुए इस दिशा में बहुत काम करना शेष प्रतीत होता है। विकसित देशों में सामान्यतः एक बैटरी एक लाख 60 हजार किलोमीटर या फिर आठ वर्ष तक काम करती है। भारत में ये बैटरियां उपभोक्ताओं का कितना साथ निभा सकेंगी, यह आने वाला समय बताएगा। लेकिन एक निश्चित अवधि के बाद बेकार हुई बैटरियों से निबटना भी समूची व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती होगा।

प्लास्टिक कचरे से निबट रही दुनिया के सामने बेकार बैटरियों का ढेर लग जाएगा। चीन और यूरोपीय संघ में तो कानून बना कर इन बैटरियों के समुचित व्यवस्थापन के लिए कार मालिकों को ही जिम्मेदार बनाया गया है और चीन में तो कुछ लोगों ने कार की बैटरियों को घरेलू उपयोग में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम भी किए हैं। यदि बिजली से चलने वाली कारें बड़ी संख्या में भारत की सड़कों पर आईं तो बिजली की निर्बाध आपूर्ति भी आवश्यक होगी और कुछ शहरों को छोड़ दिया जाए तो इस स्थिति को हासिल कर पाना बहुत दुरूह लगता है। बेशक जिन लोगों के घरों में गैरेज हैं या जो अपने घर के भीतर कार खड़ी करते हैं, वो रात भर में बैटरी सहजता से चार्ज कर सकेंगे, लेकिन जो लोग अपने घर के बाहर गली में वाहन खड़ा करते हैं या अपने घर से दूर कार खड़ी करते हैं, उनके लिए वाहन की बैटरी को नियमित रूप से चार्ज करना बड़ी परेशानी का कारण बनेगा।

ट्विटर

हांगकांग को स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन बनाना चीन का घरेलू मामला है लेकिन भारत करीबी नजर रखे हुए है और भारत को इसी रास्ते से चीन को घेरना चाहिए।

पीके सहगल, रक्षा विशेषज्ञ

हम हाल की इन घटनाओं पर चिंता जताने वाले कई बयान सुन चुके हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष इन बातों का ध्यान रखेंगे और इसका उचित और निष्पक्ष समाधान करेंगे।

राजीव चंदर, स्थायी प्रतिनिधि

सत्यार्थ

नैतिकता का पाठ

जिन दिनों भारत में भगवान महावीर और गौतम बुद्ध धार्मिक सुधार को लेकर अपने नए विचार रख रहे थे, उन्हीं दिनों चीन में भी एक सुधारक का जन्म हुआ, जिन का नाम कन्फ्यूशियस था। उस समय चीन में झोऊ राजवंश का शासन चल रहा था। समय के साथ झोऊ राजवंश के कमजोर पड़ने के कारण चीन में बहुत से राज्य कायम हो गए, जो हमेशा आपस में लड़ते रहते थे। ऐसे समय में कन्फ्यूशियस ने चीन के नागरिकों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। उनका जीवन बहुत ही साधारण था। कन्फ्यूशियस पशुओं को घास डालते हुए जब जीवन के गहन सिद्धांतों पर सोचते रहते, तो किसी को उन पर यकीन नहीं होता था कि यह शख्स एक दिन उनका जीवन बदल देगा। 27 साल तक मजदूरी करने के बाद जब उन्होंने आठ बच्चों को पढ़ाना शुरू किया, तो भी यह फिजूल ही नजर आया। 37 साल की उम्र में उन्होंने चीन की परंपरागत किताबों को खंगालने के बाद एक सिद्धांत सामने रखा-ईश्वर, राज्य और जनता का सिद्धांत, जिसके सामने सब झुक गए। उन्होंने कहा- मैं सत्याभास को सत्य से, जौ को गेंहू से, मीठी जुबान को अच्छाई से और कड़वे वचन को ईमानदारी से अलग मानता हूं, तभी सही न्याय कर पाता हूं। ऐसी मान्यता है कि एक विचारक बिलकुल अलग तरह की जिंदगी जीता है, जबकि कन्फ्यूशियस ने इसी चीज को बदला। जब उनसे पशुओं को चारा देने को कहा जाता था, तो वे उस में अपने तरीके से दर्शन ढूंढ लेते। देर रात घर को लौटने पर जब उनके सामने से खाने की प्लेट हटा ली जाती, तो वे उसमें भी दूसरों के हक की बात सोच लेते थे। सचमुच महान व्यक्ति छोटी चीजों में भी बड़ी चीजें खोज लेता है।

श्रीलंका में हो सकता है आईपीएल

यूएई भी रेस में, बोर्ड को वर्ल्ड कप पर फैसले का इंतजार

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां सीजन यूएई या श्रीलंका में करवाए जाने की सभी संभावनाओं को देखा जा रहा है। इस पर आखिरी घोषणा करने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टी20 वर्ल्ड कप के भविष्य पर फैसले का इंतजार कर रहा है।

इस वर्ल्ड का आयोजन अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित था। मामले को करीब से जानने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि विचार तो लीग को भारत में ही खेलने का था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के हालात तो देखते हुए बोर्ड आखिरकार इस टूर्नमेंट को यूएई या श्रीलंका में आयोजित करवा सकता है। अधिकारी ने कहा, हमने अभी यह तय नहीं किया है कि टूर्नामेंट कहां खेला जाएगा लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि इस साल यह विदेश में होगा। भारत में ऐसे हालात लग नहीं रहे कि जहां एक या दो स्थानों पर मैच करवाए जाएं और फिर ऐसा माहौल तैयार किया जाए जो खिलाड़ियों और आम जनता के लिए सुरक्षित हों हालांकि मैच खाली स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। अधिकारी ने कहा, इस दौड़ में यूएई और श्रीलंका सबसे आगे हैं। अब लीग का आयोजन कहां करवाना है यह कोरोना वायरस महामारी की स्थिति को देखते हुए किया जाएगा। लॉजिस्टिक को भी ध्यान में रखना होगा ऐसे में हमें जल्दी फैसला करना होगा।

चेन्नई के कैम्प में धोनी पूरी फॉर्म में दिख रहे थे : पीयूष चावला

चेन्नई सपुर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब कैम्प में आए थे तब वह लय से बाहर नहीं लग रहे थे। यह कहना है टीम के लेग स्पिनर पीयूष चावला का। धोनी आईपीएल-13 के साथ वापसी करने वाले थे लेकिन कोरोनावायरस के कारण इसमें देरी हो गई। चेन्नई ने लीग की शुरुआत से पहले ही चेपक में आपना कैम्प लगाया था जिसमें धोनी ने हिस्सा लिया था लेकिन कोविड-19 के कारण कैम्प को बीच में ही समाप्त कर दिया गया था। चावला ने आकाश चोपड़ा के यूट्यूब शो पर बात करते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो जब क्रिकेटर लंबे ब्रेक के बाद वापसी करता है तो लोगों को लगता है कि वह थोड़ा लय से बाहर होगा,

लेकिन मुझे लगता है कि वह रांची में जरूर कुछ न कुछ कर रहे थे क्योंकि जब धोनी चेन्नई के कैम्प में आए तो वह लय से बाहर नहीं दिखे। उनका रूटीन था कि वह चार-पांच गेंद खेलेंगे और फिर बड़े शॉट मारते थे। उन्होंने कहा, वह देर तक बल्लेबाजी करते थे। सुरेश रैना, अंबाती रायडू, धोनी और मुरली विजय कैम्प में सीमित खिलाड़ी थे और गेंदबाज ज्यादा थे इसलिए हर कोई दो-ढाई घंटे बल्लेबाजी करता था।

विंडीज के महान बल्लेबाज एवर्टन वीक्स का निधन

थ्री-डब्ल्यू की अंतिम कड़ी वीक्स ने 95 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

बारबाडोस। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज सर एवर्टन वीक्स का लंबी बीमारी के बाद 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। महान थ्री-डब्ल्यू की अंतिम कड़ी वीक्स का निधन बारबाडोस में उनके निवास पर हुआ। वीक्स को पिछले वर्ष जून में दिल का दौरा पड़ा था और उसके बाद से उनकी तबीयत खराब चल रही थी।

वीक्स ने अपने क्रिकेट करियर में 48 टेस्ट मैच खेले थे और 4455 रन बनाए थे । इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 58.62 रहा। उन्होंने कुल 15 शतक बनाये थे। वीक्स के निधन के बाद विश्व क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है और इस खेल से जुड़े खिलाड़ियों और लोगों ने शोक व्यक्त किया है। फ्रैंक वॉरेल और क्लाइड वॉलकॉट के साथ वीक्स वेस्टइंडीज के प्रसिद्ध थ्री डब्ल्यू में शामिल थे। ये तीनों खिलाड़ी

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज माने जाते थे लेकिन वीक्स उनमें श्रेष्ठ थे। वीक्स की बल्लेबाजी को देखकर ऐसा लगता था कि उनके पैर, उनका बल्ला और उनके शरीर को जैसे पता होता था कि उनकी स्थिति कहां होनी चाहिए। उस समय ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट विशेषज्ञों ने भी यह बात स्वीकार की थी कि बल्लेबाजी करने के तरीके के मामले में वीक्स ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन के काफी करीब थे।

इंग्लैंड के खिलाफ की थी करियर की शुरुआत

वीक्स ने 1947-48 में इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट में अपनी पारी की शुरुआत की थी। वह उस मैच में कुछ कमाल नहीं कर पाये थे लेकिन इसके बाद जल्द ही उन्होंने लगातार पांच शतक जड़े थे जिनमें से इंग्लैंड के खिलाफ एक और भारत के खिलाफ चार शतक थे। वीक्स ने क्रिकेट और फुटबॉल पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए 14 वर्ष की उम्र में स्कूल जाना छोड़ दिया था। वह बारबाडोस रेजिमेंट का हिस्सा थे और उन्होंने फरवरी 1945 में त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाफ बारबाडोस के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 55.34 के औसत से 12010 रन बनाये थे। वीक्स ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर के रूप में काम किया और युवा खिलाड़ियों के आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 1994 में भारत-श्रीलंका की तीन वनडे मैचों की सीरीज में मैच रेफरी बने थे। उन्हें 1995 में नाइटवुड की उपाधि दी गई थी।

ग्रेग चैपल भारतीय नहीं, उन्हें टारगेट करना आसानः पठान

नई दिल्ली। इरफान पठान के पास रफ्तार थी। वह गेंद को स्विंग करा सकते थे। बल्ले से भी उपयोगी पारियां खेल सकते थे। उन्हें भविष्य का कपिल देव तक कहा जाने लगा था।

गेंद और बल्ले दोनों से वह कमाल दिखा सकते थे। लेकिन इरफान उन ऊंचाइयों को नहीं छू पाए जिनकी उनसे उम्मीद की जा रही थी। इसके पीछे कई लोगों को कई वजह दिखीं। सबसे सामान्य नजरिया यह था कि तब के कोच ग्रेग चैपल ने उनका करियर बर्बाद कर दिया। हालांकि अब इरफान ने इस पर अपनी राय रखी है। पठान ने कहा कि पूर्व भारतीय कोच चैपल पर उनका करियर बर्बाद करने का आरोप लगाना सही नहीं है। उन्होंने कहा, यह सच नहीं है कि ग्रैग चैपल ने मेरा करियर बर्बाद कर दिया। अब चूंकि वह भारतीय नहीं हैं इसलिए उन पर सारा दोष मढ़ना आसान हो जाता है। इरफान ने चैपल के बारे में यह भी कहा कि उन्हें गलत समझा गया। चैपल की आलोचना इसलिए भी की जाती है क्योंकि कहा जाता है उन्होंने पठान को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। कई लोग मानते हैं कि यह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का ही आइडिया था। हालांकि पठान ने इस बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह सचिन तेंडुलकर का आइडिया था।

